J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:31.05.2022**

# AAJ SAMAJ

## पांच माइनर डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करेगा विवि: तोमर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संचालित स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के अंतर्गत उभरती प्रौद्योगिकियों में पांच माइनर डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करेगा। यह जानकारी कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा हाकंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंगह्व पर आयोजित पांच दिवसीय एआईसीटीई प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के उद्घाटन सत्र दी। उद्घाटन सत्र में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर इंफोर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग के डीन प्रो कोमल कुमार भाटिया, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो अतुल मिश्रा और कुलसचिव डॉ एसके गर्ग भी मौजूद थे। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए जाने वाले माइनर डिग्री पाठ्यक्रमों में कंप्यूटर विजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन, साइबर सुरक्षा और एडवांस वेब डेवलेपमेंट शामिल हैं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. तोमर ने अपने अनुभव साझा किये तथा वर्तमान समय में उभरती प्रौद्योगिकियों के महत्व को बताया। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. राजेंद्र कुमार अनायथ, जो ग्लोबल ग्राफिक कला इंडस्ट्री के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं, ने कंप्यूटर विजन और इमेज प्रोसेसिंग के कुछ तकनीकी पहलुओं को विस्तार से बताया। इससे पहले प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर विजन पर कार्यक्रम कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का उपयोग करके मानव दृष्टि की मॉडलिंग और प्रतिकृति से संबंधित है।



**NEWS CLIPPING:31.05.2022**

# HINDUSTAN

# उभरती प्रौद्योगिकी में पांच डिग्री पाठ्यक्रम शुरू होंगे

- पांच दिवसीय कार्यक्रम में दी गई जानकारी
- मशीन लर्निंग जैसे पाठ्यक्रम शामिल होंगे

**फरीदाबाद, संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संचालित स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के अंतर्गत उभरती प्रौद्योगिकियों में पांच शॉर्ट डिग्री पाठ्यक्रम शुरू होंगे। इसमें कंप्यूटर विजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन, साइबर सुरक्षा और एडवांस वेब डेवलेपमेंट को शामिल किया जा सकता है।

यह जानकारी कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर आयोजित पांच दिवसीय एआईसीटीई प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के उद्घाटन सत्र में दी।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. तोमर ने अपने अनुभव साझा किए तथा वर्तमान समय में उभरती प्रौद्योगिकियों के महत्व पर विस्तार से व्याख्यान किया। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. राजेंद्र कुमार अनायथ ने कंप्यूटर विजन और इमेज प्रोसेसिंग के कुछ तकनीकी पहलुओं को विस्तार से जारी की। उन्होंने कई उदाहरणों का चित्रण किया और रंग विज्ञान को कंप्यूटर दृष्टि से जोड़ा।

**NEWS CLIPPING:31.05.2022**

# HINDUSTAN

# भाषण प्रतियोगिता में हर्षित प्रथम रहे

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में मीडिया दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें हर्षित ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सौरभ शुक्ला द्वितीय रहे।

इसके अलावा पॉडकास्ट प्रतियोगिता में अगम सिंह ने पहला और सोनम चौधरी ने दूसर स्थान प्राप्त किया। कैप्शन लेखन में विवेक सिंह प्रथम, जबकि सौरभ शुक्ला द्वितीय रहे। स्लोगन लेखन में संजना शर्मा प्रथम और सौरभ शुक्ला द्वितीय रहे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रतीक वाजपेयी और ऋतिका मिश्रा रही।

**NEWS CLIPPING:31.05.2022**

## AMAR UJALA

# पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय वर्तमान मीडिया में बढ़ता हिंदी का वर्चस्व रहा। विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने हिंदी के भविष्य और वर्तमान परिस्थितियों का अवलोकन करते हुए छात्रों को इतिहास से प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिनमें पॉडकास्ट प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं फोटो कैप्शन मुख्य रही। मीडिया के सभी विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। संवाद

**NEWS CLIPPING:31.05.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## जेसी बोस में शुरू होगा साइबर सुरक्षा और ब्लॉक चेन कोर्स

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के तहत 5 माइनर डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करेगा। यह जानकारी कुलपति प्र. एसके तोमर ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के उद्घाटन सत्र में दी। इस पाठ्यक्रमों में कंप्यूटर विजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ब्लॉक्र चेन, साइबर सुरक्षा और एडवांस वेब डिवेलपमेंट शामिल हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्र. राजेंद्र कुमार अनायत, प्र. कोमल कुमार भाटिया, प्र. अतुल मिश्रा, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. पारुल तोमर, डॉ. पायल गुलाटी और डॉ. सोनाली गुप्ता मौजूद रहीं।